याद दिलाने वाले भील आदिवासी शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा जीवन बिता रहे हैं ;

(ख) राजस्थान में इन भील-आदिवासियों की संख्या क्या है ;

(ग) क्या केन्द्रीय अथवा राज्य सरकार ने उनके पिछड़ेपन के सम्बन्ध में कोई सर्वेक्षण किया है ; और

(घ) उनके उत्थान के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री के० एस० रामास्वामी)** : (क) साधारण रूप से कहा जा सकता है कि अनुसूचित आदिम जातियां जिनमें भील आदिवासी शामिल है, शेष समाज की अपेक्षा शैक्षिक और आर्थिक रूप से अधिक पिछड़ी हुई है।

(ख) 9,06,705 (1961 की जनगणना)।

(ग) जी, नहीं।

(घ) अनुसूचित आदिम जातियों के, जिनमे भील आदिवासी भी शामिल है, शैक्षिक और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिये विभिन्न राज्य सरकारें योजनाएं चला रही हैं।

**Distribution of Gifts received from U.S.A.**

3751. SHRI BRIJ RAJ SINGH—KOTAH : Will the Minister of FINANCE be pleased to state the criteria fixed by Government for the distribution of gift goods received by India from the United States of America ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YESHWANTRAO CHAVAN) : The Hon'ble Member is presumably referring to the supplies received and distributed by private voluntary agencies in India. The voluntary agencies are required to distribute these supplies for approved programmes such as nutrition feeding programmes for school children and other vulnerable sections of the population, agricultural and community works programmes, relief and rehabilitation programmes, on the basis of need and without reference to race, caste creed or religion of the recipients.

**बिहार में आयकर तथा उत्पादन शुल्क की बकाया राशि**

3752. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में आयकर और उत्पादन-शुल्क की भारी राशि अभी वसूल की जानी शेष है ;

(ख) यदि हां, तो वह राशि कितनी है ; और

(ग) उक्त बकाया राशि को वसूल करने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है तथा इस सम्बन्ध मे कब तक कार्यवाही आरम्भ कर दिये जाने की सम्भावना है ?

**वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) और (ख). 31-3-1971 की स्थिति के अनुसार, बिहार मे केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क की वसूल होने योग्य बकाया रकम 909.60 लाख रुपये है और बिहार के आयकर आयुक्त के अधिकार क्षेत्र मे आयकर की बकाया रकम 943.19 लाख रुपये है।

(ग) बकाया रकमों की शीघ्र वसूली के लिये कानून-सम्मत और प्रत्येक मामले के तथ्यों तथा परिस्थितियों के अनुरूप उपाय किये जा रहे हैं।

**बिहार में पर्यटन को प्रोत्साहन देने की योजना**

3753. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने राज्य में